# कार पार्किंग के लिए टीचर की हत्या

## प्रोफेसर के एमबीए पास बेटे ने सिर पर ईंट मारी, मौत का पता चला तो फूट-फूटकर रोया

**वाराणसी।** वाराणसी में अपार्टमेंट में कार खड़ी करने की जरा सी बात पर सनबीम स्कूल के टीचर की हत्या कर दी गई। हमलावरों ने टीचर को फोन कर बुलाया। टीचर कार हटाने को राजी थे, इसके बाद भी आरोपी उनसे झगड़ने लगे। पहले लात-घूंसों से पीटा, फिर ईंटों से सिर कूच दिया।

गार्ड ने बचाने की कोशिश की तो उसे धकेल दिया। जब टीचर अचेत होकर गिर पड़े तो आरोपी वहां से फरार हो गए।

इसके बाद गार्ड ने फोन कर टीचर की पत्नी को सूचना दी। परिजन टीचर को बीएचयू अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वारदात की सूचना पर भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी की तलाश में जगह-जगह




दबिश दी। रात 3 बजे हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों की गाड़ी में शराब की बोतलें और सिगरेट के पैकेट मिले हैं।

वारदात गुरुवार रात 10.30 बजे भेलूपुर थाना क्षेत्र के केदार नगर कॉलोनी स्थित मातृ छाया अपार्टमेंट में हुई। टीचर की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। टीचर के दोनों बेटे घर पहुंच गए हैं। उन्हें देखते ही मां फूट-फूटकर रोने लगी।

वारदात का मुख्य आरोपी आदर्श सिंह एमबीए पास है। उसके पिता पटना की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। देर शाम टीचर का मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### जानिए पूरा मामला...

48 साल के डॉ. प्रवीण झा भगवानपुर के सनबीम स्कूल में टीचर थे। मातृ छाया अपार्टमेंट के गार्ड रामलखन ने बताया- साढ़े 10 बजे टीचर प्रवीण झा वैगन-आर कार से अपार्टमेंट आए। उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी की और अपने फ्लैट में चले गए।

थोड़ी देर बाद आदर्श सिंह कार से आया और हॉर्न बजाने लगा। इसके बाद आदर्श ने टीचर की गाड़ी पर मुक्के मारे, फिर बाहर से दो और साथियों को बुलाया।

आदर्श ने टीचर को फोन करके नीचे बुलाया और कार हटाने को कहा। टीचर भी राजी हो गए।

इसी बीच, आदर्श सिंह और उसके दो साथी प्रवीण झा से झगड़ने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने शिक्षक को पीटना शुरू कर दिया। बाद में ईंट उठाकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। रॉड से भी मारा। टीचर अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। मैंने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने धकेल दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए।

गार्ड ने टीचर की पत्नी को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजन उन्हें लाइफ हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने BHU ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां टीचर को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने कहा कि सिर पर गहरी चोट लगने की वजह से मौत हुई।

## लेखपाल को 5 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

**संतकबीर नगर।** संत कबीरनगर में एक लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने 5000 की रिश्वत लेते पकड़ा। टीम जब खींचकर ले जाने लगी, तो लेखपाल गिड़गिड़ाने लगा। कहा- मैंने पैसे नहीं लिए। टीम उसे धक्का देते हुए घसीटकर गाड़ी तक लाई। इस दौरान लेखपाल छुड़ाकर भागने की कोशिश करने लगा, तो टीम ने उसके हाथ-पैर पकड़े। उसे जबरन उठाकर गाड़ी में डाला गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद करीब 30 लेखपाल बखिरा थाने पर धरना दिया। इसके बाद लेखपाल जिला मुख्यालय गए। लेखपाल ने किसान से जमीन की पैमाइश के नाम पर पैसों की डिमांड की थी। जिसके बाद किसान ने एंटी करप्शन टीम को सूचना दे दी थी। मामला तहसील सदर खलीलाबाद का है। लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# खाद की कालाबाजारी का भंडाफोड़, तीन खरीदारों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

## ललौरीखेड़ा ब्लॉक में दो भूमिहीनों ने 20-20 बार की खाद खरीद, गहन जांच में खुलासा

**पीलीभीत।** लंबे समय से चर्चाओं में रही खाद की कालाबाजारी की गुत्थी को सुलझाने में कृषि विभाग को बड़ी सफलता मिली है। ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र में हुई जांच में तीन खरीदारों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने आवश्यकता से कहीं अधिक खाद खरीदी।

खास बात यह है कि इनमें से दो खरीदार भूमिहीन निकले, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने 20-20 बार यूरिया की खरीद की। जिला कृषि अधिकारी ने गड़बड़ी मिलने के बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की पत्रावली तैयार कर जिलाधिकारी को भेज दी है। अनुमति मिलते ही इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम गौनेरा निवासी सोमपाल पुत्र भगवानदास ने मात्र दो बीघा जमीन होने के बावजूद जुलाई माह में 17 बार में 51 बैग यूरिया खरीदे। वहीं, लालपुर निवासी नितिन कुमार पुत्र रूपराम और मोहित सिंह पुत्र श्रीकृष्ण कुमार के पास धेला भर जमीन नहीं है।

इसके बावजूद नितिन ने जून में आठ बार और जुलाई में 14 बार यूरिया खरीदी, जिससे उसने कुल 91 बैग यूरिया जमा कर लिया। इसी तरह मोहित सिंह ने मई माह में नौ बार में 20 बैग यूरिया की खरीद की। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इन खरीदारों ने खाद की कालाबाजारी कर इसे दुकानदारों या अन्य किसानों को ऊंचे दामों पर बेचा।

खाद की कालाबाजारी की तह तक जाने के लिए विभागीय टीम ने आईएफएमएस पोर्टल से मई से जुलाई माह तक खरीदारों की सूची निकालकर बारीकी से जांच की। इसमें सामने आया कि कुछ किसानों ने 10 से लेकर 20 बार तक खाद खरीदी है। इसके बाद तीन खरीदारों की गहन जांच कराई गई और गड़बड़ी पाई गई। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्रपाल ने बताया कि अनुमति मिलने पर तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। खाद की कालाबाजारी का मुद्दा पिछले दिनों जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में गरमा चुका है। उस दौरान मामला इतना बढ़ा कि एक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि के ड्राइवर ने जिला कृषि अधिकारी से मारपीट कर दी थी। घटना के बाद एफआईआर दर्ज हुई और विरोध प्रदर्शन भी हुए थे।

## बायोस्टेटिस्टिक्स की राष्ट्रीय कार्यशाला में डॉ0 प्रद्युमन वर्मा की फैकल्टी के रूप में भूमिका

**ललितपुर।** इसी माह में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त नेशनल अकादमी ऑफ मेडिकल साइन्सेज, नई दिल्ली के तत्वाधान में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी द्वारा आयोजित बायोस्टेटिस्टिक्स की एक राष्ट्रीय कार्यशाला के सम्पादन में मेडिकल कॉलेज, ललितपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में सहायक आचार्य (बायोस्टेटिस्टिक्स) के पद पर कार्यरत डॉ0 प्रद्युमन वर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही। इनको कार्यशाला के आयोजकों द्वारा उत्तर प्रदेश के 06 अन्य चिकित्सा शिक्षकों के साथ फैकल्टी के रूप में कार्यशाला को सम्पन्न कराने हेतु आमंत्रित किया गया था। डॉ0 वर्मा ने इस 02 दिवसीय कार्यशाला में लखनऊ से आये डॉ0 आशीष अवस्थी के साथ स्टैटिस्टिकल सॉफ्टवेयर नामक सेशन को सम्पन्न कराने में अग्रणी भूमिका निभायी। वर्तमानत: स्टेटिस्टिकल सॉफ्टवेयर का चिकित्सा व स्वास्थ्य सम्बन्धी आंकड़ों के विश्लेषण में अत्यधिक योगदान माना जाता है। ज्ञातव्य हो कि नेशनल अकादमी ऑफ मेडिकल साइन्सेज नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न प्रकार के चिकित्सा वैज्ञानिकों व चिकित्सा शिक्षकों को उनके द्वारा दिये गये योगदानों के आधार पर फेलोशिप मेम्बरशिप व सह-मेम्बरशिप देकर सम्मानित किया जाता है। उपरोक्त अकादमी द्वारा अभी हाल में इसी वर्ष चिकित्सा सांख्यिकी पर उनके द्वारा दिये गये योगदानों के आधार पर अपनी सह-मेम्बरशिप (Associate Membership) प्रदान कर सम्मानित किया था।

# गौवंश आश्रय स्थलों की अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

## नैपियर घास का रक्बा बढ़ाने व गौशालाओं की नियमित निगरानी के निर्देश

**पीलीभीत।** स्थायी एवं अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों की जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने की। बैठक में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज भी मौजूद रहे।



मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बैठक में गौशालाओं की संख्या, गौवंश की उपलब्धता, जनसहभागिता के अंतर्गत दिए गए गौवंश व संरक्षित गौवंश का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 12 कैटल कैचर उपलब्ध हैं। हरा चारा और भूसा पर्याप्त मात्रा में है। लगभग 215 हेक्टेयर गौचर भूमि पर चरी, बाजरा और नैपियर घास की खेती की जा रही है।

अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को नैपियर घास का रक्बा और बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चोकर की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए। गौवंशों के लिए पानी पीने के हौज साफ-सुथरे रहें तथा उन्हें चूने से रंगाया जाए ताकि पशुओं को कैल्शियम भी प्राप्त हो सके। उन्होंने गौशालाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया।साथ ही निर्देश दिए कि चिन्हित किसानों के यहां छोटे बायोगैस प्लांट लगवाए जाएं। इससे किसानों को गैस और गोबर की खाद मिलेगी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि गौशालाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कई गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। भूसा और चारा की कोई कमी नहीं है। कुछ स्थानों पर रास्ते की समस्या थी, जिसे सुधारने का कार्य जारी है।

बैठक में विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी, एसडीएम सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।

## शार्ट न्यूज

### तहसील में बुजुर्ग ने खुद को आग लगाई

**वाराणसी।** वाराणसी में जमीन का केस हारने के बाद बुजुर्ग ने तहसील परिसर के मंदिर में खुद को आग लगा ली। शुक्रवार दोपहर बुजुर्ग तहसील पहुंचा। पेट्रोल से भरा कमंडल लेकर आया था। अचानक उसने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। इसके बाद वहां हड़कंप मच गया। वकील और पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसने माचिस जलाकर खुद को आग के हवाले कर दिया। आग लगने के बाद वह चिल्लाते हुए इधर-उधर दौड़ने लगा। पुलिसकर्मियों और वकीलों ने कपड़ा और मिट्टी डालकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक बुजुर्ग 50 फीसदी जल चुका था। झुलसने के बाद बुजुर्ग ने कहा, कहीं भी हमारा ठिकाना नहीं है। हमे न्याय नहीं मिला, तो क्या करें? हमको उन लोगों ने मारा। क्या जब जान से मार डालेंगे, तब ही कुछ प्रशासन करेगा। पुलिस ने उसे सीएचसी राजातालाब में भर्ती कराया है। जहां से उसे जिला अस्पताल वाराणसी रेफर कर दिया गया है। पूरा मामला राजातालाब तहसील का है।

### कानपुर में 14 साल की लड़की से गैंगरेप

**बिल्हौर।** कानपुर में शौच के लिए गई 14 साल की लड़की से गांव के ही चार लड़कों ने गैंगरेप किया। बदहवास हालत में घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद वह लोग थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराया। गुरुवार शाम पीड़िता के घर पहुंचे डीसीपी दिनेश त्रिपाठी ने परिजनों को ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने हम लोगों को 24 घंटे से बेटी से मिलने नहीं दिया। पुलिस लगातार मामला दबाती रही। पुलिस पर आरोपियों को बचाने का भी आरोप है। परिजनों ने कहा कि पहले तो पुलिस उन्हें 8 घंटे तक थाने में बैठाए रखा। फिर मेडिकल के नाम पर ककवन से लेकर कानपुर तक 4 घंटे तक घुमाते रहे। ककवन के एक गांव निवासी दलित किसान की 14 वर्षीय बुधवार रात शौच के खेतों की तरफ़ गई थी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। किंतु उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका था। परिजनों के अनुसार किशोरी देर रात बदहवास स्थिति में वापस घर लौटी और रोते हुए आपबीती बताई,कि वह खेत पर पहुंची थी।

### अस्पतालों में लागू होगा रोगी फीडबैक सिस्टम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 54 मंडलीय और जिला अस्पतालों में मूक-बधिर दिव्यांगजनों के लिए जांच की सुविधा शुरू होने जा रही है। इन अस्पतालों में ब्रेन-स्टेम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री (बेरा) (बेरा) जांच के लिए आधुनिक मशीनें स्थापित की जाएंगी। डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने इसके लिए 6.77 करोड़ रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रोगी प्रतिक्रिया प्रणाली (पेशेंट फीडबैक सिस्टम) के लिए 13.57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि बेरा मशीनों के स्थापित होने से मूक-बधिर दिव्यांगजनों की जांच आसान और सटीक होगी। इससे उन्हें एक अस्पताल से दूसरे तक दौड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेरा जांच से नवजात शिशुओं और बच्चों में सुनने की समस्याओं का शुरुआती चरण में पता लगेगा, जिससे समय पर इलाज संभव होगा। यह जांच बच्चों की भाषा और वाणी के विकास में सहायक होगी।

### दो आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोनों को 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 160000 रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की आधी धनराशि वादी मुकदमा को दी जाएगी। सजा के समय जब अदालत को बताया गया कि एक आरोपी के छोटे-छोटे बच्चे हैं। तब मानवीय दृष्टिकोण दिखाते हुए अदालत ने दोषी के छोटे बच्चों को देखरेख के लिए शासन को निर्देशित किया। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो अमर सिंह ने शुक्रवार को सुनाया। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा प्रमोद यादव निवासी रामपुर हरदसई थाना तरवां की पुरानी दीवार को 2 मई 2012 को दिन में 11ः00 बजे गांव को रविंद्र यादव गिराने लगे। जब वादी मुकदमा प्रमोद में एतराज किया तब रविंद्र व सीता यादव पुत्रगण जोखन यादव, योगेंद्र यादव पुत्र सीता यादव तथा एक नाबालि ने प्रमोद को लाठी-डंडा से मारना शुरू कर दिया। जब वादी के घर के राजनाथ यादव, रामाश्रय यादव आदि प्रमोद को छुड़ाने पहुंचे तो हमलावरों ने उन लोगों को भी बुरी तरह से मारा। जिससे राजनाथ को गंभीर चोटें आई।

# अजीतपुर पटपरा ग्राम पंचायत में 300 वर्ष पुराना मेला आरंभ

## महामंडलेश्वर एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया उद्घाटन, जाना सभी का हाल

**पीलीभीत।** शुक्रवार को अजीतपुर पटपरा ग्राम पंचायत में सदियों से चली आ रही आस्था और परंपरा का प्रतीक 300 वर्ष पुराना ऐतिहासिक मेला इस वर्ष भी धूमधाम से आरंभ हो गया। मेले का उद्घाटन महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का हालचाल जाना और भगवान को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले के उद्घाटन के दौरान पहुंचते ही वहां के पुजारी एवं ग्रामीणों ने महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के ऊपर पुष्प वर्षा कर माला पहनकर उनका स्वागत



एवं अभिनंदन किया। बताते चले की दो दिवसीय इस मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उद्घाटन अवसर पर पहुंचे स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मेले की ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली और समाधान का आश्वासन दिया। मेला स्थल पर पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। स्थानीय पुजारी पूज्य स्वामी रामदास जी महाराज ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। उन्होंने बताया कि यह मेला करीब 300 वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है और इसमें देवी-देवताओं की विशेष पूजा के साथ लोक परंपराओं का उत्सव मनाया जाता है। मेले में झूले, खिलौनों और खान-पान की दुकानों से रौनक छा गई। ग्रामीण और शहरी लोग परिवार सहित आनंद लेने पहुंचे।

बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं, भक्तिमय माहौल में भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंजती रही। मेले में भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग ने भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई।

## पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने वांछित चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा तीन वारण्टीगण 01- प्रकाश उर्फ गब्बू पुत्र घनश्याम सहारिया उम्र करीब 42 वर्ष नि0 ग्राम भैंरा थाना महरौनी ललितपुर सम्बन्धित मु0 नं0 626/14 धारा 323/504 मा0न्याया0 एसीजेएम महरौनी ललितपुर, रामस्वरूप पुत्र गनपे उम्र करीब 50 वर्ष, हरीराम पुत्र रामस्वरूप उम्र करीब 20 वर्ष समस्त नि0गण ग्राम गुमची बम्हौरी घाट थाना महरौनी जनपद ललितपुर सम्बन्धित मु0नं0 6491/22 आरती धारा 498ए/323/504/506 भादवि व 4 डीपीएक्ट मा0 न्याया0 सिविल जज (जू0डि0)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर, को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह उ.नि. आजाद बाबू हे.का. अभिषेक सिंह चौहान हे.का. सन्नी यादव आदि शामिल रहे।

## एएचटीयू की मासिक बैठक में हुयी कई बिन्दुओं पर चर्चा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) जनपद ललितपुर के पर्यवेक्षण में व पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव जनपद ललितपुर की उपस्थिति में थाना ए0एच0टी0 व एस0जे0पी0यू0 तथा समस्त थानों के बालकल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह अगस्त 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन जनपद ललितपुर स्थिति सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी SOP, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, SC/ST एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

# एसडीएम भीटी ने यूरिया वितरण का लिया जायजा

विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** भीटी तहसील क्षेत्र में किसानों को समय पर यूरिया खाद मिलने में हो रही किल्लत को देखते हुए एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह तहसील क्षेत्र में दिन भर भ्रमण शील रहे। उन्होंने कई सहकारी समितियां पर हो रहे यूरिया खाद के वितरण का औचक निरीक्षण कर विस्तृत पड़ताल की।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने भीटी सहकारी समिति तथा पिग्रियावा सहकारी समिति पर औचक निरीक्षण किया।भीटी ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित सहकारी समिति पर खाद वितरण के दौरान भारी भीड़ देखी गई



तो एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सचिव से लाइन लगवाकर किसानों को वितरण करने के लिए निर्देश दिया।उन्होंने प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे से सभी खाद वितरण सरकारी समितियों पर पुलिस फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए।उपस्थित सचिव को किसानों को नंबर देकर क्रमबद्ध तरह की तरीके से खाद बांटने की व्यवस्था का निर्देश दिया।उन्होंने किसानों से बताया कि तहसीलदार भीटी नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षकों को इस बाबत निर्देश दिया गया है कि सरकारी समितियों पर जाकर निरीक्षण करते रहें जिससे किसानों को किसी भी दुश्वारी का सामना न करना पड़े। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उर्वरक का कालाबाजारी करते पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पिगिरियावा सरकारी समिति पर 479 पैकेट यूरिया उपलब्ध पाई गई जो उपस्थित भीड़ की तुलना में अधिक थी। इस दौरान एसडीएम भीटी ने ऐआर कोऑपरेटिव को पुन: यूरिया उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। कस्बा बाजार स्थित समिति पर 500 बोरी का स्टॉक पाया गया जिसमें 40 बोरी निरीक्षण के समय तक वितरित की गई थी शेष का वितरण जारी था। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती रहेगी।

# एसपी ने ली परेड की सलामी, मोबाइल फॉरेंसिक वैन का किया शुभारंभ





**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी। इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। रिक्रूट आरक्षियों का अनुशासन,ड्रिल, शारीरिक क्षमता, वर्दी आदि का निरीक्षण किया गया।

तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान एसपी द्वारा मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियां इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यू0पी0-112 के पीआरवी वाहनों को चेक किया गया तथा पीआरवी पर तैनात अधि0/कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि वर्दी, अनुशासन व जनता के प्रति शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना एवं क़ॉल रिस्पांस टाइम कम - से -कम करना सुनिश्चित करें।तत्वपश्चात आधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया जिससे जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं विवेचना और अधिक त्वरित, सटीक एवं प्रभावी रूप से की जा सकेगी।आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधि0/कर्म0गण के द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर, रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# रेल यात्रियों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत रेलवे स्टेशन ललितपुर पर जाकर यात्रियों व रेलवे स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। तत्पश्चात साइबर क्राइम थाना, ललितपुर टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के ड्डठ्ठठ्ठशह्वठ्ठष्द्गद्वद्गठ्ठह्ल उपकरण से announcement कर रेलवे स्टेशन पर मौजूद प्रत्येक यात्री को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साइबर अपराध से बचने के लिये क्या करें। बिना देखे व अनजान व्यक्ति को फोन पर उसकी



बातो में आकर किसी प्रकार का कोई पैसा नही डालें।

किसी भी अज्ञात नं0 से क्रेडिट होने का टैक्स्ट मैसेज के आधार पर यकीन नही करें।

तत्काल अपना बैंक बैलेस चेक करें तथा मैसेज के आधार पर किसी भी व्यक्ति को पैसे ना डालें। ATM Swapping से बचें। एटीमसे पैसे निकालते करते समय किसी भी अनजान व्यक्ति को एटीएम में प्रवेश न करने दें।

किसी भी अनजान व्यक्ति को हाटस्पाट शेयर न करें क्योकि अपराधी उसका दुर्पयोग कर सकता है। किसी भी अज्ञात मो0नं0 से व्हाट्सअप या अन्य किसी सोशल मीडिया पर विडियो काल रिसीव न करें। अगर रिसीव करना जरूरी है तो अपने कैमरे को ढककर रिसीव करें जिससे आप की चेहरा इस्तेमाल करते हुए Deep Fake फोटो/विडियो न बन सके। फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा आईडी न बनायें। अगर किसी भी सोशल मीडिया पर आईडी बनी हो जिसे इस्तेमाल नही करते हो तो उसे डिलीट या डिएक्टीवेट कर दें। फेसबुक पर किसी अज्ञात व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट असेप्ट न करें।

